दिन– रविवार    दिनांक– 24 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।    अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से अपने मन की बात कार्यक्रम के एक सौ सोलहवें कड़ी को सम्बोधित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंनें बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

इधर, श्री मोदी ने बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट के खतरे से बचाने का प्रयास करने वाले युवाओं की प्रशंसा की। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि बुजुर्ग ऐसे अपराधों के सबसे आसान शिकार होते हैं और उन्हें साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना सभी का दायित्व है। उन्होंने दोहराया कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है।

आज राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस है। श्री मोदी ने इस अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर के रूप में अपने दिनों का स्मरण किया। उन्होंने बताया कि इससे प्राप्त अनुभव अमूल्य है। श्री मोदी ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में एनसीसी को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में भारत की प्राचीन समुद्री क्षमता से जुड़े साक्ष्यों को संरक्षित करने का अभियान भी चल रहा है। इसके अंतर्गत लोथल में एक बड़ा संग्रहालय भी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर उनके पास कोई पांडुलिपि, ऐतिहासिक दस्तावेज या हस्तलिखित प्रति है तो वे उसे भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार की मदद से संरक्षित कर सकते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि जैव–विविधता को बनाए रखने में गौरैया की प्रमुख भूमिका है। उन्होंने बढ़ते शहरीकरण के कारण शहरों में गौरैया के अस्तित्व पर खतरे पर चिंता

व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने बच्चों के जीवन में गौरैया को वापस लाने के लिए किए जा रहे कुछ अनूठे प्रयासों के कुछ उदाहरण दिए।

———————————————————————

बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा। उनतीस नवम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। पहले दिन राज्यपाल द्वारा स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति भी सदन पटल पर रखी जायेगी। इसके अलावा उपचुनाव में नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायी जाएगी । छब्बीस और सत्ताईस नवम्बर को राजकीय विधेयक पेश होंगे। अट्ठाईस नवम्बर को चर्चा के बाद द्वितीय अनुपूरक बजट और विनियोग विधेयक पारित होगा। उनतीस नवम्बर को अनुपूरक बजट पर सामान्य चर्चा होगी। पूरे सत्र के दौरान विधानसभा परिसर और आस पास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम रहेंगे। सत्र के सुगम और सफल संचालन को लेकर विधि व्यवस्था संधारण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पटना के जिलाधिकारी और वरिय पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि सत्र के दौरान त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

———————————————————————

बिहार डाक सर्किल की ओर से पटना में अट्ठाईस से तीस नवम्बर तक डाक टिकट प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसमें देश के डाक टिकट संग्राहक भी शामिल होंगे। बिहार के पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने बताया कि इस दौरान चार विभिन्न संगीत घरानों पर फोटो युक्त पोस्टकार्ड और पांच ऋषि मुनियों पर विशेष आवरण का विमोचन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनकपुर की राजकुमारी माता सीता और वैशाली की आम्रपाली पर भी विशेष आवरण जारी किया जायेगा। डाक अध्यक्ष ने बताया कि मौर्यकालीन सिक्का और कला, चाणक्य, चंद्रगुप्त तथा कौटिल्य शास्त्र के साथ मंडन मिश्र और शंकराचार्य पर आवरण जारी की जायेगी।

———————————————————————

बक्सर का प्रसिद्ध पंचकोसी परिक्रमा मेला आज संपन्न हो गया। चरित्रवन के विश्वामित्र आश्रम में लिट्टी चोखा के प्रसाद खाकर श्रद्धालुओं ने विधिवत इस मेले का समापन किया। इस अवसर पर किला मैदान से लेकर चरित्रवन तक धुएं से पूरा क्षेत्र आच्छादित हो गया। बक्सर के चरित्रवन का संबंध ऋषि विश्वामित्र से माना जाता है। इसलिए बक्सर को भगवान श्री राम की शिक्षा स्थली के रूप में भी जाना जाता है।
लाखों की संख्या में लोगों ने समापन कार्यक्रम में भाग लिया।

---

समाप्त